# जिलाधिकारी महोदय, की अध्यक्षता में दिनांक 11.11.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पेयजल योजनाओं के कार्यो से सम्बन्धित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या– 95/छियत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0–अ दिनांक 21.01.2020 एवं शासनादेश संख्या– 190/छियत्तर–1–2020 –20–25राम/2019 दिनांक 24.01.2019 के क्रम में "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद अमेठी में निर्माणाधीन ग्रामीण पेयजल योजनाओं के कार्यो की समीक्षा से सम्बन्धित बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 11.11.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित अधिकारियों/जल जीवन मिशन योजनाओं की जांच हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा गठित टीम के नोडल अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. श्री संजय चौहान जिलाधिकारी महोदय अमेठी।
2. श्री सचिन कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी महोदय, अमेठी।
3. श्री अनिल कुमार राव, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी।
4. श्री डी0पी0 गौतम, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी।
5. श्री विपिनचन्द, सहायक अभियन्ता, (एस0डब्ल्यू0एस0एम0)उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी।
6. श्री अर्चित त्रिपाठी, सहायक अभियन्ता, (एस0डब्ल्यू0एस0एम0)उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी।
7. श्री राजकुमार यादव, जूनियर इंजीनियर(तकनीकी), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी।
8. श्री अवधेश बहादुर सिंह, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 अमेठी।
9. श्री देवेन्द्र सिंह, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 अमेठी।
10. श्री अनुज शुक्ला, डी0पी0एम0यू0 अमेठी।
11. श्री मोहन गुप्ता, पी0एम0 मे0 वेलस्पन प्रा0लि0, मुम्बई।
12. श्री सिद्धार्थ तिवारी, पी0एम0, मे0 गायत्री प्रोजेक्ट प्रा0लि0/हेल्वी कान्स्ट्रक्शन, प्रा0लि0
13. श्री एम0एम0 अंन्सारी, पी0एम0 मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स–गाजा प्रा0लि0/हेल्वी कान्स्ट्रक्शन प्रा0लि0

श्री अनिल कुमार राव, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अमेठी द्वारा अवगत कराया गया कि गत बैठक में जल जीवन मिशन कार्यक्रम में मेसर्स वेलस्पन प्रा0लि0 मुम्बई ने शिरोपरि जलाशयों को दिनांक 10.11.2025 तक पूर्ण करने के निर्धारित लक्ष्य 133 नग के सापेक्ष 61 नग, मेसर्स गायत्री–रैम्की प्रा0लि0 हैदराबाद ने 165 नग के सापेक्ष 132 नग एवं मेसर्स विन्ध्या–गाजा प्रा0लि0 नोएडा ने 194 नग के सापेक्ष 155 नग पूर्ण किये गये है।

## 1–निर्माणाधीन योजनाओं में उच्च जलाशय की स्थिति

निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं में शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिसकी प्रगति निम्नवत् है–

| क्र0सं0 | फर्म का नाम | प्रस्तावित शिरोपरि जलाशय की संख्या | शिरोपरि जलाशय मे कार्य प्रारम्भ की संख्या | पूर्ण शिरोपरि जलाशय की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स वेलस्पन | 133 | 132 | 61 |
| 2 | मेसर्स गायत्री | 165 | 165 | 132 |
| 3 | मेसर्स विन्ध्या–गाजा | 194 | 194 | 155 |
| | कुल योग | 492 | 491 | 348 |

इस प्रकार मेसर्स वेलस्पन इण्टरप्राइजेज की उच्च जलाशय की प्रगति 02 माह मे केवल 02 नग शिरोपरि जलाशय ही पूर्ण किया गया है जो अत्यन्त खराब असंतोषजनक पायी गयी। मेसर्स गायत्री–रैम्की द्वारा विगत 02 माह में की उच्च जलाशय की प्रगति 10 नग शिरोपरि जलाशय पूर्ण किया गया एवं मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स द्वारा विगत 02 माह में की उच्च जलाशय की प्रगति 12 नग शिरोपरि जलाशय पूर्ण किया गया है। साथ ही समस्त फर्मो को मैनपावर बढाकर प्रगति बढाने हेतु निर्देश दिये गये एवं समस्त एजेन्सियों को मार्च–2026 तक उच्च जलाशयों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। शिरोपरि जलाशयों को पूर्ण करने का लक्ष्य निम्नानुसार निर्धारित किये गये–

| क्र0सं0 | फर्म का नाम | 10 नवम्बर–2025 तक पूर्ण शिरोपरि जलाशय की संख्या | माह दिसम्बर–2025 तक पूर्ण किये जाने वाले शिरोपरि जलाशय की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स वेलस्पन | 61 | 66 |
| 2 | मेसर्स गायत्री | 132 | 138 |
| 3 | मेसर्स विन्ध्या–गाजा | 155 | 163 |
| | कुल योग | 348 | 367 |

*728 E:\manoj singh\Nirikashan Akhaya\Karyavirrti Letter A.K.docx*

Scanned with OKEN Scanner

उक्त लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रत्येक एजेन्सी को मैन पावर बढ़ाने के निर्देश दिये गये है। जिसका अनुश्रवण प्रतिदिन सुनिश्चित किया जाय।

2–वितरण प्रणाली बिछाये जाने की स्थिति:–

| क्र0सं0 | फर्म का नाम | कुल बिछायी जाने वाली पाइपलाइन (किमी0) | कुल बिछायी गयी पाइपलाइन (किमी0) | अवशेष वितरण प्रणाली (किमी0) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स वेलस्पन | 1832.00 | 1816.00 | 16.00 |
| 2 | मेसर्स गायत्री | 3622.00 | 3613.00 | 9.00 |
| 3 | मेसर्स विन्ध्या–गाजा | 3323.00 | 3309.00 | 14.00 |
| | कुल योग | 8777.00 | 8738.00 | 39.00 |

समीक्षा बैठक में पाया गया कि मेसर्स वेलस्पन इण्टरप्राइजेज द्वारा 14 किमी0 मेसर्स गायत्री–रेम्की द्वारा 12 किमी0 तथा मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स गाजा द्वारा पिछली बैठक की तुलना में मात्र 11 किमी0 वितरण प्रणाली ही बिछायी गयी है।

**3–निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं में तोड़ी गयी रोड/खंड़जे की पुर्नस्थापना की स्थिति:–**

निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं में पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गयी रोड/खंडजे की पुर्नस्थापना का कार्य संतोषजनक नहीं है। फर्मो द्वारा तोड़ी गयी रोड/खंडजें की पुनर्स्थापना का विवरण निम्नानुसार है–

| क्र0सं0 | फर्म का नाम | कुल बिछायी गयी पाइपलाइन (किमी0) | पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गयी रोड/खंड़जा (किमी0) | पुर्नस्थापना की गयी रोड/खंड़जा (किमी0) | अवशेष रोड/खंड़जा पुर्नस्थापना (किमी0) | पुर्नस्थापना की गयी रोड/खंड़जा प्रतिशत में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स वेलस्पन | 1816.00 | 376.00 | 364.00 | 12.00 | 96.81 |
| 2 | मेसर्स गायत्री | 3613.00 | 1606.00 | 1600.00 | 6.00 | 99.63 |
| 3 | मेसर्स विन्ध्या–गाजा | 3309.00 | 1495.00 | 1485.00 | 10.00 | 98.33 |
| | कुल योग | 8738.00 | 3477.00 | 3449.00 | 28.00 | 99.19 |

तोड़ी गयी रोड/खंड़जा का पुर्नस्थापना का कार्य गुणवत्तापूर्वक किया जाना अति आवश्यक है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गयी रोड/खंडजो की पुर्नस्थापना शीघ्र की जाय। जिससे किसी प्रकार की असुविधा जन सामान्य को न हो।

- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देर्शित किया गया कि कार्यो में पारदर्शिता, गुणवत्ता एंव समयबद्धता के साथ पूर्ण कराया जाय।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देर्शित किया गया कि जिस फर्म के कार्यो की प्रगति धीमी है उनमें तेजी लाना सुनिश्चित करें।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त कार्यदायीं संस्थायें अपने से सम्बन्धित समस्त टैंको की ऑडिट कराना सुनिश्चित करें।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि 10 नग पूर्ण बडी योजनाओ की सूची व 10 नग बिलम्बित योजनाओं की सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि योजनाओं के समस्त गृह संयोजनो में ब्राश की टोटी लगाये तथा उसकी जी0पी0एस0 फोटो योजनावार सुरक्षित रखी जाय। समस्त गृह संयोजनों की स्टेबिलिटी हेतु कंक्रीट ब्लाक का निर्माण किया जाय।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रत्येक योजनाओं में वी0एफ0डी0 पैनल व डोजिंग प्लांट के स्टेटस की जांच कर ली जाय तथा समस्त योजनाओं पर अधिष्ठापन सुनिश्चित किया जाय।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त योजनाओ पर क्लोरिनेशन के पश्चात् ही जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें एवं जिन योजनाओं पर क्लोरिनेशन प्लान्ट स्थापित नहीं है वहां अतिशीघ्र क्लोरिनेशन पलान्ट स्थापित कराना सुनिश्चित करें।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त फर्मो को निर्देशित किया गया कि योजनाओं में हो रहे पाइपलाइन/गृह संयोजनों में लीकेजों की मरम्मत समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण कराते हुये पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।



Scanned with OKEN Scanner

- जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त फर्मों को सोलर प्लांट के पावर आउट पुट की जांच कराने के निर्देश दिये गये तथा सोलर की मरम्मत करने वाले मैकेनिक का नाम व मो0नं0 पम्प हाउस में अंकित किया जाय।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये कि गृह संयोजन को लाभार्थी के घर के अन्दर करना सुनिश्चित करें एवं जो लाभार्थी घर के अन्दर नहीं चाहते उनसे लिखित रुप से सहमति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें।
- मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा विभिन्न योजनाओं पर तैनात पम्प आपरेटरों (मो0नं0 सहित) की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि कार्यो की गुणवत्ता के साथ-साथ नियमित स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने एवं सामग्री की टेस्टिंग एव फील्ड स्तर पर निरीक्षण करते हुये समुचित कार्यवाही की जाय।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में समस्त आँगनबाड़ी एवं प्राथमिक विद्यालयों, पंचायत भवन, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं गौशाला में शत प्रतिशत क्रियाशील जल संयोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है।
- जिलाधिकारी महोदय, द्वारा निर्देश दिये गये कि प्रत्येक ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर सुरक्षा किट (हेल्मेट, बेल्ट, सेफ्टीनेट इत्यादि) उपलब्ध कराना एवं श्रमिकों द्वारा प्रयोग में लाया जाना सुनिश्चित करें।

**कार्यवाही अधि0अभि0 जल निगम/अधिशासी अभियन्ता जल निगम (विद्युत यांत्रिक)/मे0वेलस्पन प्रा0लि0/मे0 गायत्री प्रोजेक्ट प्रा0लि0/मे0विन्ध्या टेलीलिंक्स/डी0पी0एम0यू0/टी0पी0आई0**

अधिशासी अभियन्ता

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),अमेठी

पृ0सं0 7417 / का0नि-7(JJM) / 175 दिनांक 21/11/2025

प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता(ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
3. जिलाधिकारी महोदय, अमेठी को सादर अवलोनार्थ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, अमेठी।
5. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें एवं कार्यो को समयान्तर्गत पूर्ण करायें।
6. श्री शिवमूर्ति सिंह, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 अमेठी।
7. श्री देवेन्द्र सिंह, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 अमेठी।
8. श्री मोहन गुप्ता, पी0एम0, मे0 वेलस्पन प्रा0लि0, मुम्बई।
9. श्री सिद्धार्थ तिवारी, पी0एम0, मे0 गायत्री प्रोजेक्ट प्रा0लि0/हेल्वी कान्स्ट्रक्शन, प्रा0लि0 हैदराबाद।
10. श्री अजय राज सिंह, पी0एम0 मे0 वी0टी0एल0-गाजा प्रा0लि0/ हेल्वी कान्स्ट्रक्शन, प्रा0लि0 हैदराबाद।

अधिशासी अभियन्ता



Scanned with OKEN Scanner